‘पहचान’ से एक क्लिक पर खुलेगी माध्यमिक स्कूलों की कुंडली

चर्चा में क्यों?

11 दिसंबर, 2022 को उत्तर प्रदेश के हाथरस की ज़िला विद्यालय निरीक्षक रीतू गोयल ने बताया कि सीबीएसई की तर्ज पर उत्तर प्रदेश बोर्ड के विद्यालयों की भी अलग पहचान बनाने के उद्देश्य से राज्य के सभी कॉलेजों की वेबसाइट बनवाई गई है। इसे ‘पहचान’ नाम दिया गया है। एक क्लिक पर विद्यालय से संबंधित जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

प्रमुख बिंदु

- रीतू गोयल ने बताया कि माध्यमिक विद्यालय नवीनीकरण मिशन के तहत प्रदेश सरकार के निर्देश पर बोर्ड ने स्कूलों का वेब पेज अपनी वेबसाइट पर 'पहचान’ नाम से अपलोड कर दिया है।
- इसका उद्देश्य लोगों को उनके क्षेत्र के स्कूलों के विषय में जानने-पहचानने का अवसर देने के साथ ही उसके उत्कर्ष में योगदान के लिये प्रेरित करना भी है। स्कूलों के वेब पेज बनवाने का काम मुख्यमंत्री की 100 दिन की कार्य योजना में भी शामिल था।
- अब उत्तर प्रदेश बोर्ड से जुड़े राजकीय, सहायता प्राप्त और वित्तविहीन स्कूलों की कुंडली एक क्लिक पर आसानी से उपलब्ध हो सकेगी।
- उन्होंने बताया कि स्कूल से जुड़ी हर जानकारी पोर्टल पर उपलब्ध है। स्कूल की मान्यता का वर्ष, गूगल लोकेशन, ज़िला मुख्यालय से दूरी, सुविधाएँ, छात्रों-शिक्षकों के आँकड़े, पाँच साल की बोर्ड परीक्षा के आँकड़े, दस साल के रिजल्ट और पंजीकरण की ग्राफ प्रस्तुति, स्कूल की उपलब्धियाँ, छात्रों के पंजीकरण की सुविधा, महत्त्वपूर्ण अवस्थापना सुविधा, महत्त्वपूर्ण हाइपर लिंक आदि सूचनाएँ उपलब्ध हैं।
- पोर्टल पर प्रत्येक स्कूल का पहचान रिपोर्ट कार्ड उपलब्ध है। पहचान रिपोर्ट कार्ड में राज्य व ज़िले स्तर पर रैंकिंग की जानकारी भी दी गई है। इसमें स्कूल की राज्य और ज़िले स्तर पर रैंकिंग के साथ ही सात स्टार में से रेटिंग, छह बिंदुओं पर ग्रेडिंग दी गई है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/pehchan-3